मंगलवार
21 फरवरी, 2023
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज



भोजपुर में पैसा देने से मना करने पर आभूषण व्यवसायी को मारी गोली 2

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

## खबरें फटाफट

### बम की सूचना पर इंडिगो की फ्लाइट की लखनऊ में इमरजेंसी लैंडिंग

**लखनऊ।** दिल्ली से देवघर जा रही इंडिगो की फ्लाइट में बम की सूचना मिलने के बाद हड़कंप मच गया। एहतियात के तौर पर फ्लाइट की लखनऊ के चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारियों के मुताबिक, दिल्ली से देवगढ़ जा रही इंडिगो की फ्लाइट 6ए-6191 को बम की धमकी मिलने के बाद लखनऊ डायवर्ट किया गया। सभी आवश्यक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया गया और विमान को टेकऑफ के लिए मंजूरी दे दी गई। इंडिगो की फ्लाइट दोपहर 12:20 बजे सुरक्षित उतरी। उसे आइसोलेशन के लिए ले जाया गया। वहां दो घंटे से ज्यादा समय तक फ्लाइट की जांच की गई। इस दौरान यात्रियों को बाहर भी नहीं उतारा गया था। लेकिन सभी यात्रियों के लगेज की तलाशी ली गई। हालांकि जांच में कुछ भी नहीं मिलने के बाद दोपहर 2.55 बजे फ्लाइट को आगे की यात्रा के लिए भेज दिया गया।

### काशी में बनेगा देश का पहला रोप-वे ट्रांसपोर्ट

**वाराणसी।** काशी को बहुत जल्द नई सौगात मिलने वाली है। यहां देश का पहला रोप-वे ट्रांसपोर्ट बनाया जाएगा। इस रोपवे के जरिए वाराणसी जंक्शन रेलवे स्टेशन से गौदौलिया तक की यात्रा सहज और आसान हो जाएगी। इस रोपवे को बनाने में कुल 461 करोड़ रुपये खर्च होंगे। सबसे खास बात यह है कि इस रोपवे के जरिए कैंट से गोदौलिया तक का सफर मात्र 15 मिनट का हो जाएगा। इस रोपवे का सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि लोगों के पैसों की बचत के साथ ही ट्रैफिक की समस्या से भी छुटकारा मिल जायेगा। दरअसल लखनऊ में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में इस रोपचे की नींव रखी गई थी। इस रोपवे ट्रांसपोर्ट का रूट, पिलर व ब्लू प्रिंट तैयार कर लिया गया है जो अब काशी की सड़कों से न होकर बल्की सभी गाड़ियों के ऊपर से गुजरेगी। बताया जा रहा है कि इस रोपवे का काम इस साल मई महीने से शुरू हो जाएगा। यह रोपवे कई सुविधाओं से लैस होगा।

# चाहे कोई भी देश हो, भारत मानव हित को सर्वोपरि रखता है: मोदी

**एजेंसी/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को तुर्किए में ऑपरेशन दोस्त में शामिल एनडीआरएफ और अन्य संगठनों की रेस्क्यू टीमों के जवानों के साथ बातचीत की। पीएम मोदी ने कहा कि हमारी संस्कृति ने हमें 'वसुधैव कुटुम्बकम' सिखाया है। हम पूरी दुनिया को एक परिवार मानते हैं। जब परिवार का कोई सदस्य संकट में हो तो उसकी मदद करना भारत का कर्तव्य है। पीएम ने कहा कि चाहे कोई भी देश हो अगर मानवता की बात हो तो भारत मानव हित को सर्वोपरि रखता है। पूरी दुनिया ने देखा कि आप कैसे तुरंत वहां पहुंचे। यह आपकी तैयारी और आपके प्रशिक्षण कौशल को दशार्ता है। हमारे एनडीआरएफ के जवानों ने जिस तरह 10 दिनों तक काम किया है वह काबिले तारीफ है।



- तुर्किए में ऑपरेशन दोस्त में शामिल एनडीआरएफ और अन्य संगठनों की रेस्क्यू टीमों के जवानों के साथ प्रधानमंत्री ने की बात
- हमारे जवानों ने जिस तरह काम किया है वह काबिले तारीफ है

### देश को आप पर गर्व है

जवानों की तारीफ करते हुए पीएम ने कहा कि दुनिया में जब भी आपदा आती है भारत पहला मददगार होता है। जवानों ने तुर्किए में अद्भुत झमता का परिचय दिया है। हमारे डॉग स्क्वायड के सदस्यों ने गजब का दम दिखाया। देश को आप पर गर्व है। हमारे जवान मौत से मुकाबला कर रहे थे। राहत कार्य में जा रही भारतीय टीम ने मानवीय संवेदना का काम किया है। देश के लोगों को एनडीआरएफ पर भरोसा है।

### गुजरात में भूकंप आने पर मैंने वॉलंटियर के तौर पर काम किया

उन्होंने कहा कि हम सभी ने वो तस्वीरें देखी हैं जहां एक मां आपको माथे पर चूमकर आशीर्वाद देती है। 2001 में जब गुजरात में भूकंप आया था, तब मैंने वॉलंटियर के तौर पर काम किया था और मैंने लोगों को बचाने में आने वाली दिक्कतों को देखा है। वो भूकंप इससे भी बड़ा था। मैंने भूकंप की पीड़ा को देखा है। मैं आपको सलाम करता हूं। जब कोई दूसरों की मदद करता है तो वह नि:स्वार्थ होता है। ये न केवल व्यक्तियों पर बल्कि राष्ट्रों पर भी लागू होता है। पिछले कुछ वर्षों में, भारत ने आत्मनिर्भर और निस्वार्थ दोनों के रूप में अपनी पहचान मजबूत की है। पीएम मोदी ने कहा कि अब एनडीआरएफ पर दूसरे देशों का भरोसा भी बढ़ रहा है। हमें आपदा के समय राहत और बचाव के लिए अपनी क्षमता बढ़ानी होगी। हमें दुनिया में सर्वश्रेष्ठ राहत और बचाव दल के रूप में अपनी पहचान मजबूत करनी होगी।

### तिरंगा को देखकर लोगों को मिलता है आश्वासन

पीएम ने कहा कि सीरिया के नागरिक हिन्दुस्तान को धन्यवाद कर रहे हैं. हर देश में तिरंगा अहम भूमिका निभाता है। अफगानिस्तान और यूक्रेन में हम लोगों ने बड़ी भूमिका निभाई. यूक्रेन के कई देशों के लोगों के लिए तिरंगा ढाल बना था। चाहे नेपाल भूकंप हो, मालदीव या श्रीलंका संकट, भारत सबसे पहले मदद के लिए आगे आया। तिरंगा लेकर हम जहां भी पहुंचते हैं वहां एक आश्वासन मिलता है कि अब भारत की टीमें आ चुकी हैं और अब हालात ठीक होने शुरू हो जाएंगे।

### युवाओं को नए अवसर प्रदान करने का हो रहा प्रयास

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उत्तराखंड के रोजगार मेले को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में केंद्र सरकार हो या भाजपा सरकार, प्रत्येक युवा को उनकी रुचि और क्षमता के आधार पर आगे बढ़ने के नए अवसर और तरीके सुनिश्चित करने का हमारा निरंतर प्रयास रहा है। रोजगार मेले में पीएम मोदी ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में केंद्र सरकार ने लाखों युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए। राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में जहां भी भाजपा की सरकार है, उन सभी जगहों पर बड़े पैमाने पर इस तरह के अभियान चलाए जा रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा, हमें उस पुरानी धारणा को बदलना है कि पहाड़ का पानी और पहाड़ की जवानी पहाड़ के काम नहीं आती। इसलिए हमारा निरंतर यह प्रयास रहा है कि पहाड़ में रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बनाए जाएं।

**नीतीश से बगावत:** जदयू से नाता तोड़ नई पार्टी बनाने का किया ऐलान

# उपेंद्र कुशवाहा की जुदा हुई राहें

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में नीतीश कुमार और उपेंद्र कुशवाहा की तनातनी ने नया मोड़ ले लिया है। आखिरकार, बगावती तेवर अपनाए उपेंद्र कुशवाहा ने नई पार्टी बनाने की घोषणा कर दी। कुशवाहा ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस किया, जिसमें उन्होंने कहा कि वे आज से नई शुरूआत करने जा रहे हैं। मीडिया से बातचीत करते हुए उपेंद्र कुशवाहा ने बताया कि वे नई पार्टी 'राष्ट्रीय लोक जनता दल' बनाने जा रहे हैं। कुशवाहा ने कहा कि बिहार की जनता ने नीतीश कुमार को राज्य चलाने की जिम्मेदारी सौंपी थी। जॉर्ज फर्नांडिस के कारण नीतीश कुमार पार्टी के मुखिया बने थे। उस समय बिहार की जनता तबाह थी। बिहार की जनता को उस हालात से निकालने के लिए हमने 10-12 साल तक संघर्ष किया। बिहार को खौफनाक मंजर से निकालने में पूरी ताकत लगा दी।

कुशवाहा ने आगे नीतीश कुमार की तारीफ भी की। उन्होंने कहा कि उस समय नीतीश जी ने बहुत अच्छा काम किया था लेकिन अंत भला तो सब भला होता है। बाद में अंत भला नहीं हुआ। कुछ को छोड़कर जद (यू) में हर कोई चिंता व्यक्त कर रहा था। निर्वाचित सहयोगियों के साथ बैठक हुई और निर्णय लिया गया है। नीतीश कुमार ने शुरूआत में अच्छा किया लेकिन अंत में जिस रास्ते पर उन्होंने चलना शुरू किया है, वह उनके और बिहार के लिए बुरा है। उन्होंने एमएससी पद से भी इस्तीफा देने की घोषणा की है। इससे पहले, कुशवाहा ने पटना में बैठक बुलाई थी। जिसमें जदयू से जुड़े नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। दो दिनों तक बैठक चली। इस बैठक के शुरू होते ही राजनीतिक गलियारों में चर्चा थी कि उपेंद्र कुशवाहा जदयू से अपनी राहें अलग करने वाले हैं। आखिरकार, सोमवार को उन्होंने घोषणा भी कर दी।



- राष्ट्रीय लोक जनता दल पार्टी बनाने का किया ऐलान
- बिहार की जनता जब तबाह थी, तो जनता को उस हालात से निकालने के लिए हमने 10-12 साल तक संघर्ष किया

### राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने किया पलटवार

कुशवाहा की ओर से सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस्तीफे और नई पार्टी की घोषणा की गई तो तुरंत जेडीयू की ओर से भी प्रतिक्रिया आ गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पलटवार किया। कहा कि दो दिन से सुन रहे थे कि उपेंद्र कुशवाहा मीटिंग कर रहे हैं। जेडीयू के कार्यकर्ता उसमें शामिल होंगे। उनका कुनबा छोटा सा चलता रहा है। वही लोग थे जो कल भी थे और आज भी थे। कुशवाहा की नई पार्टी को लेकर ललन सिंह ने कहा कि हम लोगों की शुभकामना है। पहली बार विधायक बने तो उन्हें नीतीश कुमार ने विरोधी दल का नेता बनाया था। जब वे आए तो नीतीश कुमार ने उन्हें राज्यसभा भेजा। तीन महीने में ही दल विरोधी काम किया और चले गए।

### जेडीयू का कोई नेता नहीं चाहता था कि वे पार्टी में आएं

ललन सिंह ने कहा कि फिर वो (उपेंद्र कुशवाहा) पार्टी में आना चाहते थे। जेडीयू का कोई नेता नहीं चाहता था कि वे पार्टी में आएं, लेकिन उसके बाद भी नीतीश कुमार ने पार्टी में शामिल कराया। उपेंद्र कुशवाहा पर कोई भरोसा नहीं करेगा। जहां जा रहे हैं कुछ दिन के बाद देखिएगा क्या होगा।

**दिसंबर से लगे थे कुशवाहा:** ललन सिंह ने कहा कि वे दिसंबर से ही लगे थे। रोज दिल्ली जा रहे थे। हर बात की जानकारी हम लोगों थी। कहीं पे निगाहें कहीं पे निशाना था। जेडीयू के 72 लाख सदस्य बनाए गए। कितने सदस्य उन्होंने बनाए? जब वे दिल्ली और पटना की यात्रा कर रहे थे तो उनके कुनबे के लोग हम लोगों के साथ मिलते रहे हैं। धीरज कुशवाहा सहित कई लोग उनके कुनबे के पार्टी के साथ हैं। पार्टी को तेजस्वी के हाथों गिरवी रखने के सवाल पर ललन सिंह ने कहा कि उस समय तेजस्वी और लालू यादव अच्छे लग रहे थे? जेडीयू का अस्तित्व है और जेडीयू का विलय किसी से नहीं होगा। ललन सिंह ने कहा कि हमने कब कहा कि तेजस्वी यादव 2025 में सीएम के उम्मीदवार होंगे? 2025 में सीएम कौन होगा यह उस समय तय होगा। फिलहाल सीएम नीतीश कुमार हैं। अभी उससे पहले 2024 का चुनाव है।

## पटना में पार्किंग विवाद में चली गोली में फिर एक मौत, उपद्रव

**केटी न्यूज/पटना**

पटना के फतुहा के जेठुली गांव में पार्किंग विवाद की फायरिंग में अब तक तीन लोगों की मौत हो गई है। इसके विरोध में दूसरे दिन सोमवार सुबह से दोपहर तक फिर उपद्रव हुआ। सुबह-सुबह मुख्य आरोपी बच्चा राय के भाई उमेश राय के घर, गोदाम और मैरिज हॉल में पीड़ित गुट ने आग लगा दी।

दोपहर साढ़े बारह बजे अंतिम संस्कार करके लौट रही भीड़ ने पुलिस पर फिर पथराव कर दिया। पुलिस ने चार राउंड हवाई फायरिंग की। आरोपी के घर पीड़ित परिवार धरने पर बैठ गया। इलाके में तनाव बना हुआ है। 300 से ज्यादा जवान तैनात हैं। पुलिस को इस बात का अंदेशा है कि घटना से गुस्साए लोग फिर बवाल न कर दें।

ज्ञात हो कि रविवार को दो गुटों- बच्चा राय और चनारिक राय, में झड़प के दौरान राइफल, देसी कट्टा और 9 के पिस्टल से 50 राउंड फायरिंग हुई थी। गोली लगने से चनारिक गुट के दो लोगों की मौत हो गई थी। चनारिक राय समेत तीन लोग बुरी तरह से घायल हो गए थे। सोमवार करीब तीन बजे घायल मुनारिक राय की भी मौत हो गई। बाकी दो लोगों का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

### सड़क दुर्घटना में बाल बाल बचे त्रिपुरा के पूर्व सीएम बिप्लब देब

**नई दिल्ली।** त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद बिप्लब देब बाल बाल बचे हैं। हरियाणा के पानीपत में जीटी रोड़ पर उनकी गाड़ी दुर्घटना का शिकार हुई है। वो सड़क मार्ग से दिल्ली से चंडीगढ़ जा रहे थे। हालांकि इस दुर्घटना ने वो बाल-बाल बच गए हैं। पुलिस ने यह जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा के पानीपत जिले में जीटी रोड पर खड़े एक वाहन से उनकी कार की टक्कर हो गई। प्दुर्घटना समलखा और पानीपत के बीच सड़क पर उस समय हुई जब राज्यसभा सांसद और हरियाणा में भाजपा के प्रभारी देब दिल्ली से चंडीगढ़ आ रहे थे।




**बदरीनाथ और केदारनाथ धाम के लिए ही 21 फरवरी से शुरू होगी आनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया**

# अब अधिक संख्या में श्रद्धालु कर सकेंगे चारों धाम की यात्रा

**एजेंसी/देहरादून**

पर्यटन विभाग ने इस बार केदारनाथ, बदरीनाथ सहित चारों धामों में दर्शन के लिए प्रतिदिन श्रद्धालुओं की संख्या में इजाफा कर दिया है। पिछली बार चारधाम यात्रा में रिकार्ड श्रद्धालुओं के पहुंचने से विभाग ने यह फैसला लिया है। पर्यटन विभाग ने इस संबंध में प्रस्ताव तैयार कर लिया है। इस प्रस्ताव पर 21 फरवरी को मुख्यमंत्री पुष्कर धामी की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में फैसला लिया जाएगा।

**अभी दो धामों के लिए पंजीकरण:** पर्यटन विभाग ने बदरीनाथ और केदारनाथ धाम के लिए ही 21 फरवरी से आनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया शुरू करने का फैसला लिया है। लेकिन अभी केदारनाथ के लिए प्रतिदिन नौ हजार और बदरीनाथ के लिए 10 हजार श्रद्धालु ही प्रतिदिन पंजीकरण करा सकेंगे। पहले नवरात्र को गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने का समय तय होते ही चारों धामों के लिए पूरी संख्या में पंजीकरण शुरू हो जाएंगे।



श्री पांच मंदिर समिति गंगोत्री धाम के संयुक्त सचिव राजेश सेमवाल ने बताया कि दोनों धामों के कपाट अक्षय तृतीया के दिन खुलते हैं। धाम किस समय खुलेंगे, ये पहले नवरात्र को तय होगा। कई बार अक्षय तृतीया का समय दोपहर 12 बजे के बाद एक, दो बजे के बाद होने पर कपाट अगले दिन सुबह भी खुलते हैं।

**चार तरीकों से होगा पंजीकरण:** यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को चार तरीके से पंजीकरण का विकल्प मिलेगा। वेबसाइट registrationandtouristcare.uk.gov.in पर पंजीकरण करा सकेंगे। व्हाट्सअप नंबर 8394833833 पर पंजीकरण का विकल्प रहेगा। इसके साथ ही टोल फ्री नंबर 01351364 के साथ मोबाइल फोन की एप touristcareuttarakhand को डाउनलोड कर भी पंजीकरण कराया जा सकेगा।

वहीं उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण ने केदारनाथ हेलीसेवा संचालित करने के लिए 28 फरवरी तक ऑनलाइन टेंडर मांगे हैं। प्राधिकरण ने इस बार किराए में बढ़ोतरी का प्रस्ताव किया है, बढ़ा हुआ किराया अगले तीन साल साल तक प्रभावी रहेगा।

## खबरें फटाफट

### डिवाइडर से टकराई बाइक, दो की हालत गंभीर

**आरा।** जिले बिहिया थाना क्षेत्र के भड़सरा पुल के समीप बिहियाझतीयर मुख्य मार्ग रविवार की देर शाम अज्ञात वाहन के चकमे से बाइक सवार डिवाइडर से टकरा गए। हादसे में बाइक सवार दो युवती समेत तीन लोग बुरी जख्मी हो गए ।जिसके बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। इसके बाद दो जख्मियों को आरा सदर अस्पताल लाया गया,जबकि एक युवती का इलाज बिहियां पीएचसी में कराया जा रहा है। जख्मियों में तीयर थाना क्षेत्र के विक्रमपुर गांव वार्ड ग्यारह निवासी सुरेंद्र यादव की 16 वर्षीय पुत्री सोनम कुमारी,जबकि बाइक चला रहे 20 वर्षीय अभिषेक साह समेत एक अन्य युवती भी जख्मी है। इधर, सोनम के चचेरे भाई ने बताया की सोनम अपनी सहेलियों के साथ आरा में रहकर पढ़ाई करती थी। आज देर शाम अभिषेक और अन्य एक युवती के साथ अपने गांव विक्रमपुर जा रही थी,इसी में भड़सरा पुल के समीप अज्ञात वाहन ने चकमा दे दिया। जिसके बाइक सवार अभिषेक असंतुलित होकर पुल के पास डिवाइडर से टकरा गई।

### दो पक्षों में मारपीट, छर्रा लगने से महिला जख्मी

**आरा।** जिले में रविवार शाम ट्रैक्टर ले जाने के विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट और फायरिंग हुई। जिसमें फायरिंग के दौरान एक महिला को छर्रा लग गई। जख्मी महिला छर्रा दाहिने साइड कनपटी में लगी है। इससे वह गंभीर रुप से जख्मी हो गई। जिसके बाद परिजन द्वारा आनन फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा। घटना जिले के चांदी थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव की है। घटना को लेकर गांव एवं आसपास के इलाके में सनसनी मच गई है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई है। बताया जाता है कि जख्मी महिला चांदी थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव निवासी कमलजीत सिंह की 24 वर्षीय पत्नी अनीता देवी है। इधर जख्मी महिला के परिजन चन्द्रशेखर कुमार सिंह ने बताया कि उनके दरवाजे पर बालू गिरा था। जिसे जख्मी महिला भतीजे राजू रंजन अपने ट्रैक्टर पर लोड कर दूसरे जगह ले जाया जा रहा था। जाने के क्रम में रास्ते में एक पड़ोसी द्वारा बोरिंग का पाइप बिछाकर अपना खेत पटाया जा रहा था। इसी बात को लेकर उनके बीच की नोकझोंक हुई। जिसके बाद दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए और मारपीट शुरू कर दी।

# सुपर ओवर में काको लायंस ने शकुराबाद सनराईजर्स को चार रनों से हराया

- रोमांचक रहा जेसीएल क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का दूसरा दिन
- मखदुमपुर पैंथर बनाम हुलासगंज राइडर्स के बीच खेला गया पहला मैच

**केटी न्यूज/जहानाबाद**



जिला मुख्यालय स्थित एरोड्राम क्रिकेट स्टेडियम में स्वतंत्रता सेनानी स्व. नारायण सिंह की स्मृति में जेसीएल क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का आयोजन चल रहा है। सोमवार को प्रतियोगिता के दूसरे दिन का पहला मैच मखदुमपुर पैंथर बनाम हुलासगंज राइडर्स के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर हुलासगंज राइडर्स की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में मात्र 83 रन बनाकर ऑल ऑउट हो गई। टीम की ओर से बल्लेबाजी में आशीष 23, दीप 14 और अमकेश ने 12 रनों का योगदान दिया। गेंदबाजी में मखदुमपूर पैंथर टीम की ओर से फरदीन आलम ने 3, अनुराग साही और राज कमल ने 2-2 जबकि मो. आमिर ने एक विकेट लिए। मैच में 84 रनों के आसान सा लक्ष्य का पीछा करने उतरी मखदुमपुर पैंथर की टीम ने 6 विकेट के नुकसान पर 18 वें ओवर में ही मैच को जीत लिया। टीम की ओर से सर्वाधिक स्कोर 40 रन आयुष राज ने जबकि 15 रन राजकमल ने बनाया। मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए मखदुमपुर पैंथर टीम के राज कमल को सन्नी सिंह ने ट्रॉफी और एक हजार रुपये देकर सम्मानित किया।

वहीं सांसे रोक देने वाली दूसरा मैच काको लायंस और शकुराबाद सनराईजर्स के बीच हुआ। इस रोमांचकारी मैच में पहले टॉस शकुराबाद सनराईज की टीम ने जीता और पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 121 रन बना कर ऑल ऑउट हो गई। जिसमें टीम की ओर से अमरजीत ने 34, अमित 20 तथा अनिल यादव ने 18 रनों का योगदान दिया। काको लायंस टीम की ओर से साहिल ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट झटके। वहीं विकास ने 3 जबकि बबलू ने 2 विकेट लिए। मैच में 122 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी काको लायंस की टीम एक समय 13 वें ओवर में 80 रनों पर 8 विकेट गंवा कर संघर्ष कर रही थी। उसी समय बल्लेबाजी के लिए आए टीम के कप्तान विकास ने साहिल के साथ मिलाकर टीम को अंतिम ओवर ड्रा करा दिया। काको लायंस की टीम को एक ओवर में जीत के लिए 12 रनों की दरकार थी, लेकिन 11 रन ही बना और मैच ड्रा हो गया। फिर नियम के अनुसार मैच एक एक ओवर का सुपर ओवर हुआ। जिसमें काको ने पहले बल्लेबाजी करते हुए एक ओवर में 6 रन बनाए और शकुराबाद की टीम को 7 रनों का लक्ष्य दिया। जिसे वे नहीं बना पाए और 2 विकेट गंवा कर ऑल ऑउट हो गई। इस तरह से काको लायंस ने इस रोमांचक मैच को 4 रनों से जीत लिया। इस मैच में शानदार खेल के लिए काको लायंस टीम के साहिल को सन्नी सिंह और नीतीश सिंह ने मैन ऑफ दी मैच प्रदान किया। मंगलवार का पहला मैच जहानाबाद किंग्स बनाम वाणावर वॉरियर्स और दूसरा रतनी रॉयल्स और घोषि टाइगर्स के बीच खेला खेला जाएगा।उक्त आशय की जानकारी आयोजन समिति के संयोजक डॉ रोहित राज और डीके पॉल ने दी।

## गोलीबारी की दो घटनाओं से आरा शहर में मची सनसनी, छानबीन में जुटी पुलिस

# भोजपुर में पैसा देने से मना करने पर आभूषण व्यवसायी को मारी गोली

- शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल में कराया जा रहा कारोबारी का इलाज

**केटी न्यूज/आरा**

जिला मुख्यालय स्थित टाउन थाना क्षेत्र के शीतल टोला मोहल्ले में रविवार की रात एक आभूषण कारोबारी को गोली मार दी गयी। गोली उनके दाहिने साइड पंजरी में लगी है, जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उनका इलाज शहर के बाबू बाजार स्थित प्राइवेट अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी व्यवसायी शीतल टोला निवासी स्व. सुनील प्रसाद के 35 वर्षीय पुत्र अर्जुन सोनी हैं। उनकी थाना क्षेत्र के ब्राह्मण टोली में आभूषण की दुकान है। घटना के पीछे पैसा मांगने का विरोध करना बताया जा रहा है। वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और अपने स्तर से मामले की छानबीन में जुट गयी है। इस दौरान पुलिस ने जख्मी व्यवसायी और



अस्पताल में इलाजरत युवक

उनके परिजनों से पूरी घटना की जानकारी ली। अपराधियों की पहचान और धरपकड़ के लिए छापेमारी की जा रही है।

**दुकान से घर लौटते समय व्यवसायी को मारी गयी गोली :** इधर, बिट्टू कुमार सोनी ने बताया कि उनके भाई अर्जुन सोनी हर रोज सुबह 9 बजे ब्राह्मण टोली स्थित अपने सोने की दुकान पर जाते हैं। रात में करीब 9 बजे वापस लौटते हैं। रविवार की रात भी करीब नौ बजे दुकान से घर लौट रहे थे। उसी दौरान बुढ़िया माई स्थित गली में दो नशेड़ी नशे की हालत में आए और उनसे जबरन पैसा मांगने लगे। ऊसको लेकर कहासुनी हो गयी। उसके बाद बदमाशों ने उसे गोली मार दी। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसके बाद उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल से शहर के बाबू बाजार स्थित प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया। बिट्टू कुमार सोनी के अनुसार उनके भाई का किसी भी व्यक्ति से किसी प्रकार के विवाद और दुश्मनी नहीं थी।

## पहले पूछा रास्ता, फिर किशोर को मार दी गोली

**आरा।** शहर के नवादा थाना क्षेत्र के मौलाबाग स्थित टोलन बाबा के मंदिर के समीप रविवार की रात बदमाशों द्वारा एक किशोर को गोली मार दी गयी। बदमाशों ने पहले पता पूछा,उसके बाद किशोर को गोली मार दी। गोली उसके दाहिने पैर में घुटने के नीचे लगी है। उसका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी किशोर नवादा थाना क्षेत्र के मौलाबाग मोहल्ला निवासी संजय कुमार यादव का 16 वर्षीय पुत्र नवनीत कुमार यादव है।



हालांकि फिलहाल गोली मारे जाने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। जख्मी नवनीत कुमार यादव ने बताया कि रात में वह मौलाबाग स्थित साहजी की दुकान के पास खड़ा था। मां के बुलाने पर वह खाने के लिए घर जा रहा था। तभी बाइक पर सवार तीन युवक पकड़ी चौक की ओर पहुंचे। उनमें बाइक चला रहा युवक ने गमछा से चेहरा बांध रखा था। जबकि दो अन्य ने मास्क लगा रखी थी। युवकों द्वारा रोककर पकड़ी चौक जाने का रास्ता पूछा।उसके बाद बदमाशों द्वारा ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। उसे देख वह भागने लगा। उसी दौरान उसे गोली लग गयी। उसने बताया कि वह भाग कर अपने घर के पास लगे ऑटो बैठ गया। तभी उसने देखा कि दाहिने पैर से खून बह रहा है। तब उसे गोली लगने का अहसास हुआ। पुलिस अपने स्तर से घटना की छानबीन कर रही है।

## बेलगाम ट्रक की चपेट में आने से किसान की मौत, पोती पटना रेफर

**केटी न्यूज/आरा**

कोईलवर-छपरा फोरलेन पर कोईलवर थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव के समीप रविवार की रात एक तेज रफ्तार ट्रक ने दादा-पोती को रौंद दिया। उसमें दादा की मौत हो गई, जबकि पोती को गंभीर हालत में पटना रेफर कर दिया गया है।

मृत किसान नारायणपुर गांव निवासी स्व. कैलाश राय के 50 वर्षीय पुत्र रामाशंकर राय थे। जख्मी उनकी 5 वर्षीय पोती आरती कुमारी है। मृत रामाशंकर राय के चाचा पूर्व में सरपंच वह चुके हैं। हादसे के बाद ट्रक और चालक को पकड़ लिया गया है। चालक की पिटाई किये जाने की भी सूचना है। इधर, हादसे के बाद आक्रोशित लोग रात में ही सड़क पर उतर गये। गुस्साए लोगों द्वारा शव के साथ रोड जाम कर दिया गया। टायर जला कर प्रदर्शन किया गया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की गयी। इससे कोईलवर-छपरा फोरलेन पर घंटों जाम लगा रहा। आक्रोशित लोग मृतक के परिजनों को मुआवजा देने और फोरलेन पर वाहनों के बेलगाम रफ्तार पर रोक लगाने सहित अन्य मांग कर रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और समझाने का प्रयास शुरू कर दिया। सोमवार सुबह करीब नौ बजे सड़क जाम समाप्त किया जा सका। उसके बाद आवागमन बहाल किया गया और शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

## पंखे की कुंडी से लटका मिला युवक का शव

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के रघुनीपुर गांव में सोमवार की सुबह एक युवक ने खुदकुशी कर ली। उसने अपने कमरे पंखे की कुंडी से लटककर जान दे दी। मृत युवक रघुनीपुर गांव निवासी रंजीत कुमार सिंह का 20 वर्षीय पुत्र महेश कुमार था। पैसे से ट्रैक्टर चालक था। घटना का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। वैसे मोबाइल खरीदने के लिए पैसा नहीं मिलने के कारण खुदकुशी किये जाने की चर्चा चल रही है।

इधर, सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। युवक के चाचा संजय ने बताया कि रंजीत के माता-पिता हरियाणा में काम करते



हैं। वह गांव पर रहकर ट्रैक्टर चलाता था। बताया कि रंजीत रोज की तरह सोमवार कि सुबह वह जगा और घर के सभी गायों का दूध निकाला। उसके बाद कहा कि चाय पीने का मन कर रहा है। कुछ देर बाद वह बाहर से घर में गया और अपने कमरे में चला गया। उसके बाद उसने दरवाजा बंद कर पंखे के कुंडी से लटक कर आत्महत्या कर ली। काफी देर तक वह बाहर नहीं आया, परिजनों ने उसके कमरे का दरवाजा खटखटाया। लेकिन उसे नहीं खोला। उसके बाद पदरवाजे को तोड़ा गया, तो वह पंखे की कुंडी से लटका मिला। उसके बाद उसके शव को पंखे की कुंडी से नीचे उतारा गया और पुलिस को सूचना दी गयी। उसके चाचा ने घटना के कारणों की सही जानकारी होने से इनकार किया है। इधर, सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक अपने मां-बाप से मोबाइल खरीदने के लिए 30 हजार रुपये मांग रहा था। उसको लेकर माता-पिता द्वारा पैसे देने से इंकार कर दिया गया। इसी बात से गुस्से में आकर उसके द्वारा आत्महत्या करने की बात सामने आ रही है।

## एक नजर

### छात्रों के मोबाइल व डॉक्यूमेंट चोरी मामले में हिरासत में लिए गए बस चालक और खलासी



**जहानाबाद।** जिले के नगर थाना क्षेत्र के बभना गांव स्थित मानस विद्यालय परीक्षा केंद्र के बाहर बस में रखे छात्रों के मोबाइल डॉक्यूमेंट चोरी हो गए। बताया जाता है कि अरवल जिले के जवाहर नवोदय विद्यालय शिवनगर से छात्र एवं छात्रा सीबीएसई के परीक्षा देने के लिए बस रिजर्व कर जहानाबाद पहुंचे थे। जहां परीक्षा केंद्र के बाहर छात्रों ने अपने मोबाइल को एक बैग में डाल बस में रख कर परीक्षा देने चले गये और जब छात्र परीक्षा देकर वापस लौटे तो बस में रखा उनका बैग गायब था। जिसमें तीन हजार नगद 13 मोबाइल और कुछ जरूरी कागजात थे। जिसके बाद छात्र बस में काफी खोजबीन करने लगे जब बैग नहीं मिला तो छात्रों का होश उड़ गए। इस बाबत छात्रों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच कर छात्रों और बस के चालक को अपने साथ थाने लाकर पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। वहीं, इस मामले में पुलिस ने बस के चालक और खलासी को हिरासत में ले कर पूछताछ कर रही है। छात्रों ने बताया कि हम सभी छात्र अरवल जिले के शिवनगर नवोदय विद्यालय से बस को रिजर्व कर जहानाबाद के बभना स्थित मानस विद्यालय में परीक्षा देने आये थे। इस बस पर 16 छात्र एवं 14 छात्राएं व दो शिक्षक बस पर सवार होकर परीक्षा देने के लिए आये थे। जब छात्र एवं छात्रा परीक्षा देकर वापस लौटे तो बैग में रखा मोबाइल गायब पाया। इस घटना को लेकर छात्रों के द्वारा नगर थाने में लिखित आवेदन दिया है। वहीं, घटना को लेकर पुलिस सभी पहलुओं पर जांच करते हुए मामले की छानबीन में जुटी है।

### जी-20 की मेजबानी भारत को मिलने से हुआ गौरवपूर्ण क्षण का एहसास: प्रमोद चंद्रवंशी



**जहानाबाद।** जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन नेहरू युवा केंद्र जहानाबाद के द्वारा ज्योत्सना युवा मंडल नरमा के सहयोग से स्वर्गीय कामता प्रसाद शर्मा बीएड कॉलेज हुलासगंज में किया गया। वैश्विक पटल पर भारत का अभ्युदय जी-20 पर आधारित कार्यक्रम में सैकड़ों युवाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधान परिषद सदस्य प्रमोद चंद्रवंशी एवं पूर्व विधायक राहुल शर्मा ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा पदाधिकारी पामीर सिंह ने की। आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि जी-20 की मेजवानी भारत को मिलना गौरवपूर्ण क्षण का एहसास कराया है। इस कार्यक्रम से युवाओं को बताया कि 20 देशों का संगठन जी-20 का मेजबानी भारत 9 से 10 सितंबर को करने जा रहा है। जिसमें विश्व के प्रमुख देश के शासनाध्यक्ष भाग लेंगे और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। कार्यक्रम का संचालन देवेंद्र कुमार कृषि विभाग के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिले के निर्वाचन आईकॉन अमित कुमार ने उपस्थित लोगों को और खासकर युवा युक्तियों को बताया की सकारात्मक सोच के साथ युवा आगे बढ़े। ना की पैर खींचने में, जो युवा मेहनत कर सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ रहे हैं और एक लकीर बनाए हैं उस लकीर को लंबी करने में एक दूसरे को सहयोग करें। अपनी संस्कृति के विरासत को बचाए रखेंगे। जाति धर्म संप्रदाय के संकीर्णता से हमें ऊपर आना होगा। तभी हम विश्व गुरु बन सकते हैं। रणधीर कुमार युवा मंडल नरमा, पूर्व मुखिया रविकांत रंजन, पूर्व मुखिया सुरेंद्र जी, परमात्मा शर्मा, डॉ रंजीत कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### बैंक में सेंधमारी कर चोरी के मामले में अपराधी गिरफ्तार, चोरी गई बंदुक और कारतूस बरामद



**जहानाबाद।** जिले की पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने बैंक में सेंधमारी कर चोरी के अथक प्रयास मामले में एक शख्स को गिरफ्तार किया है। साथ ही बैंक से चुराई गयी बंदूक और 10 कारतूस को भी बरामद कर लिया है। मामला टेहटा ओपी क्षेत्र के सेरथुआ बाजार स्थित बैंक ऑफ इंडिया का है। दरअसल बैंक ऑफ इंडिया में शुक्रवार की रात अज्ञात चोर द्वारा बैंक में सेंधमारी कर बैंक के अंदर प्रवेश कर बैंक में रखे कैश की चोरी करने का अथक प्रयास किया गया था। जहां तिजोरी का ताला नही टूटने के कारण चोर द्वारा बैंक में रखें गार्ड का दो नल्ली बंदूक एवं 10 जिंदा कारतूस लेकर चोर रफूचक्कर हो गया था। जिसकी सूचना पर टेहटा ओपी की पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के अंदर चोर को गिरफ्तार कर बैंक से चोरी किया हुआ दो नाली बंदूक और 10 जिंदा कारतूस को भी बरामद करते हुए सेंधमारी करने करने वाले एक लोहे की खंती को भी बरामद कर लिया है। साथ ही चोर को भी गिरफ्तार कर लिया है। इस बाबत एसपी दीपक रंजन से सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में पीसी कर बताया कि शनिवार की सुबह ग्रामीणों द्वारा बैंक में सेंधमारी की सूचना दी गई थी। जिसके बाद सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने चोरी की घटना के कुछ ही घंटों बाद तुलसीचक गांव से आरोपी विमल कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही बैंक से चोरी हुई बंदूक एवं 10 जिंदा कारतूस को भी बरामद कर लिया है। बताते चले कि जिले में इन दिनों लगातार चोरी की घटनाएं घट रही है वही बैंक में चोरी की घटना के कुछ ही घंटों बाद पुलिस द्वारा उद्भेदन किए जाने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली है।

## 23 फरवरी को जिला मुख्यालय पर होगा विशाल धरना: हेमन्त

**जहानाबाद।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष हेमन्त शरण उर्फ कुंदन शर्मा के नेतृत्व में राजाबजार स्थित मां दुलारी रेस्ट हाउस में बैठक रखी गई। जिसमें 23 फरवरी को धरना एतिहासिक बनाने के लिए रखा गया।

जिसमें जिलाध्यक्ष ने कहा कि बिहार सरकार को उडीसा हिमाचल प्रदेश के तर्ज पर अगर बिजली खरिद करती है तो लगभग 5238 करोड़ का बचत होता। सरकार ने ऐसा क्यों नहीं किया। वहीं, बीपीएल धारी को प्रतिमाह 150 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाए एवं बिजली कि दरों में 30% कमी की जाए। हर स्मार्ट प्रीपेड मीटर पर मीटर रिडिंग टेस्ट सर्टिफिकेट दिया जाए तथा जिन पुराने मिटर्स पर अत्यधिक बिलिंग की शिकायत आ रही है, उसे बदला जाए। रोजगार के प्रोत्साहन के लिए अंडा देने वाले मुर्गी फॉर्म के तर्ज पर कोल्ड स्टोरेज राईस मिल एवं अन्य एलाईड एग्रीकल्चर





उधोग को कृषी दर पर मुहैया हो। सरकार गरीबों को खून चूसना बंद करें। इस मौके पर महिला प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंदु कश्यप, प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिला परिषद अध्यक्ष रानी चौधरी, यूवा प्रदेश उपाध्यक्ष शशांक शर्मा, यूवाध्यक्ष पिन्टु कुशवाहा, संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष निरंजन कुमार, एससी एसटी प्रकोष्ठ हंसराज पासवान, प्रधान महासचिव छोटे लाल पासवान, प्रिंस कुमार, रामानुज पासवान, संजय शर्मा, गौरव कुमार, सवितानंद शर्मा, राजेश शर्मा, भोला शर्मा, अरविन्द शर्मा, पंकज कुमार सहित सैकड़ों पदाधिकारी उपस्थित हुए।

## आभा आईडी बनाने एवं प्रतिदिन टेलीकंसल्टेशन का लक्ष्य निर्धारित

# 33,291 आभा आईडी बनाने का लक्ष्य निर्धारित

- जनवरी से 13 अप्रैल तक संचालित किया जा रहा अभियान
- उक्त अवधि में 806 टेलीकंसल्टेशन प्रतिदिन करने का लक्ष्य

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिला सहित राज्य में 30 जनवरी से 13 अप्रैल, 2023 तक अभियान संचालित कर अधिकतम संख्या में आभा आईडी एवं टेलीकंसल्टेशन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस अभियान के माध्यम से राज्य को अभियान अवधि में कुल 20,31000 आभा आईडी विकसित करने एवं प्रतिदिन 47,225 टेलीकंसल्टेशन करने का लक्ष्य निर्धारित है। अभियान में अधिकतम





उपलब्धि करने वाले राज्यों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाना है। इस बाबत कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार संजय कुमार सिंह ने सभी जिलों के सिविल सर्जन को पत्र जारी कर आवश्यक निर्देश दिए हैं।

**जिलावार हुआ लक्ष्य का निर्धारण :** आभा आईडी बनाने एवं प्रतिदिन टेलीकंसल्टेशन की संख्या का जिलावार लक्ष्य निर्धारण किया गया है। बक्सर जिला में 30 जनवरी 13 अप्रैल, 2023 तक प्रतिदिन 806 लाभुकों का टेलीकंसल्टेशन किया जाना है। साथ ही उक्त समय में जिला के

### आशा कार्यकर्ता के लिए इंसेंटिव का है प्रावधान

जारी पत्र में बताया गया है कि जनमानस को स्वास्थ्य केंद्रों तक लाने एवं उनकी आभा आईडी बनाने में मदद करने पर आशा कार्यकताओं को 10/- रुपये प्रति व्यक्ति के दर से इंसेंटिव दिया जाना है। पत्र में बताया गया है कि आभा आईडी बनाने के लिए सीपीएचसी-एनसीडी, निक्षय, पीएमएनडीपी एवं ई-संजीवनी एप्लीकेशन का उपयोग किया जा सकता है। अभियान के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त सचिव विशाल चौहान ने सभी राज्यों को पत्र जारी कर उक्त अभियान की सफलता के लिए निर्देश जारी किये थे।

## मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट हर घर नल जल योजना का डुमरांव में बुरा हाल

# छठिया पोखरा के पास लगे जलमीनार से अक्सर ठप रहती है पानी की सप्लाई

- पिछले चार दिनों से पानी की सप्लाई नहीं होने के कारण बढ़ी लोगों की परेशानी
- शिकायत के बाद भी आपूर्ति दुरुस्त करने की अधिकारियों को नहीं रहती तनिक फिक्र
- क्षमता से अधिक कनेक्शन का हवाला दे जिम्मेवारी से पल्ला झाड़ रहे विभाग के जेई
- सप्लाई पानी नहीं आने के कारण इधर-उधर से पानी लेकर काम चलाते हैं लोग

**केटी न्यूज/डुमरांव**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के ड्रीम प्रोजेक्ट सात निश्चय में सबसे महत्वपूर्ण है हर घर नल जल योजना। इसके तहत प्रत्येक घरों में नल का शुद्ध पानी पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया था। ताकि लोगों को शुद्ध पेयजल मुहैया हो सके। लेकिन डुमरांव में यह योजना धरातल पर नहीं उतर सकी है। अलबत्ता अधिकारियों की मनमानी व बदइंतजामी की भेंट चढ़ गई है। जिससे लोगों को शुद्ध पेयजल नसीब नहीं हो पा रहा है। विभागीय उदासीनता और स्थानीय प्रशासन की चुप्पी से मुख्यमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गया है। हम बात कर रहे है छठिया पोखरा के पास पीएचईडी विभाग द्वारा बनवाए गए जलमीनार की। लाखों खर्च के बाद भी इस जलमीनार से जुड़े लोगों की प्यास नहीं बुझ पा रही है। वह भी तब जब जाड़े का मौसम है। अब गर्मी का मौसम आने वाला है। तब इस जलमीनार से जुड़े शहरवासियों के समक्ष पेयजल की समस्या और गंभीर होने वाली है।

**हर कुछ दिनों के बाद ठप हो जाती है जलमीनार से आपूर्ति:** बता दें कि यह जल मीनार चालू होने के बाद से ही हर कुछ दिनों के बाद खराब हो जाता है। जिसके कारण कई-कई दिनों तक आपूर्ति बाधित रहती है। वही इससे जुड़े उपभोक्ताओं का कहना है कि जलमीनार से जो आपूर्ति आती है उसके पानी का फ्लो बहुत कम रहता है। जिस कारण चालू रहने पर भी उन्हें इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। जबकि जो घर उंचाई पर स्थित है वहां तक नल का जल पहुंच ही नहीं पा रहा है।

### बड़ा सवाल... शहर की बड़ी आबादी आखिर पानी के लिए कब तक तरसती रहेगी?



### 18 में से 9 वार्डो को होती है इस जलमीनार से आपूर्ति

बता दें कि हर घर नल योजना के तहत डुमरांव में सिर्फ दो जलमीनार बनवाए गए है। एक छठिया पोखरा के पास तथा दूसरा टिचर टेर्जनिंग स्कूल के पास। जाहिर है छठिया पोखरा वाले जलमीनार से कुल 18 में से 9 वार्डो को आपूर्ति दी जाती है। जानकारों की मानें तो इस जलमीनार से 3 हजार से अधिक परिवारों को आपूर्ति दी गई है। जो इसके क्षमता से बहुत अधिक है। जलमीनार के अक्सर खराब होने का यह मुख्य वजह बताया जाता है।

### निवर्तमान पार्षद बोले- उपकरण की गुणवत्ता की जांच हो

स्थानीय निवासी तथा निवर्तमान पार्षद सोनू राय ने कहा कि जब से जलमीनार को चालू करवाया गया है तब से ही इसमें थोड़े-थोड़े दिनों पर खराबी आ जा रही है। उन्होंने कहा कि इसमें जो उपकरण लगाए गए है उसकी गुणवत्ता की जांच होनी चाहिए कि आखिर क्यों इतना जल्दी-जल्दी मोटर या अन्य उपकरण खराब होते है। बड़ा सवाल यह भी है कि आखिर बार बार क्यों आपूर्ति बाधित हो रही है। बड़ी आबादी नल जल पर ही निर्भर है। फिर आपूर्ति बाधित होने से उन्हें जरूरत का पानी कैसे मिलेगा। राजन तिवारी, अमित कुमार, संतोष सैनी आदि ने बताया कि अभी चार दिनों से आपूर्ति ठप थी जबकि 15 दिन पहले ही इसकी मरम्मत करवाई गई थी। मरम्मत कराने में हजारों रुपए खर्च आता है।

### क्या कहते हैं जेई

इस संबंध में पीएचईडी विभाग के जेई अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि छठिया पोखरा के पास लगे जलमीनार से क्षमता से अधिक कनेक्शन दिया गया है। ओवरलोड के कारण इसका साफ्ट कमजोर हो गया है। जो बार बार खराब हो जाता है। खराब होने की जानकारी मिलने पर तत्काल इसकी मरम्मत करवाई जाती है।

## वसंत ऋतु: ये मौसम है खूबसूरत फूलों का...



वसंत ऋतु के आगमन के साथ ही फिजां में रंगत सी छा गई है। यह मौसम रंग-बिरंगे फूलों के दीदार का है, खूबसूरत फूलों को करीब से निहारने का है। इन दिनों डुमरांव अनुमंडल के सिमरी पथ पर लाल चटख रंग वाले सेमल के फूल इस ओर आनेवाले लोगों का मन मोह रहे हैं। ऊंचे पेड़ पर उगे इन फूलों को देख सहसा आप इसकी ओर आकर्षित हो जाएंगे। कुछ पल को इसकी खूबसूरती को अपनी यादों और अपने कैमरे में कैद करने के लिए आपके कदम खुद-ब-खुद ठहर जाएंगे। हरे भरे पेड़ों के बीच लाल रंग वाले सेमल के फूल मन को सुकून पहुंचाते हैं। इन्हें देखना एक अलग ही अनुभूति का अहसास कराता है। वसंत ऋतु अर्थात फरवरी से अप्रैल के महीने को फूलों का मौसम कहा जाता है, क्योंकि इसी मौसम में ज्यादातर फूल खिलना शुरू करते हैं। **फोटो- रजनीकांत दूबे**

### 23 फरवरी को धरना देगी लोजपा

**बक्सर।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह बिहार में बिजली दर में बढ़ोतरी व बिजली कंपनी में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ 23 फरवरी को बक्सर के अंबेडकर चौक पर महाधरना देंगे। इसे सफल बनाने के लिए उन्होंने सोमवार को दहिवर, बरूना, गड़नी व मड़सरा मे सघन जनसम्पर्क अभियान चलाया तथा लोगों को इसमें आने की अपील की।

## एक नजर

### डुमरांव में जल संकट के स्थायी समाधान के लिए जदयू नेता जिलाधिकारी से मिले



**बक्सर।** डुमरांव के छठिया पोखरा स्थित जलमीनार से उत्पन्न जल संकट की समस्या के स्थायी समाधान एवं वीर कुवंर सिंह कृषि कॉलेज के पास स्थित कब्रिस्तान के पास जल जमाव से निजात दिलाने को लेकर सोमवार को जदयू की प्रवक्ता अंजुम आरा, जदयू बक्सर के पूर्व जिलाध्यक्ष सोहराब कुरैशी, नथुनी खरवार व सिद्धेश्वर चौधरी ने जिला पदाधिकारी अमन समीर को ज्ञापन सौंपा।

### डेढ़ लाख रु. के रेलवे टिकट के साथ पुराना भोजपुर से एक दलाल गिरफ्तार



**बक्सर।** आरपीएफ बक्सर टीम ने सोमवार को गुप्त सूचना पर पुराना भोजपुर स्थित साइबर कैफे में छापेमारी कर एक युवक को डेढ़ लाख रुपए मूल्य के तत्काल तथा अन्य टिकटों के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक रवि चौरसिया पुराना भोजपुर का ही रहने वाला है तथा यूनिवर्सल कंप्यूटर ऑनलाइन दुकान का संचालन करता है। इसी की आड़ में वह रेलवे टिकटों की दलाली कर रहा था। किसी ने इसकी सूचना बक्सर आरपीएफ टीम को दी थी। इसके बाद वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त दानापुर प्रकाश कुमार पांडा के निर्देश एवं आरपीएफ के बक्सर प्रभारी दीपक कुमार के दिशा निर्देशन में रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट बक्सर की गठित टीम ने छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

### अमृतकाल सांसद खेल महाकुंभ का आगाज आज से, केंद्रीय मंत्री कल करेंगे उद्घाटन

**बक्सर।** बक्सर संसदीय क्षेत्र में 21 फरवरी से 5 मार्च तक अमृतकाल सांसद खेल महाकुंभ के आयोजन को मूर्त रूप दिया जा रहा है। मौजूदा समय में विधानसभा क्षेत्र स्तर पर खिलाड़ियों का पंजीकरण हो रहा है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे सांसद खेल महाकुंभ का 22 फरवरी को विधिवत उद्घाटन करेंगे। बक्सर संसदीय क्षेत्र के ब्रह्मपुर, डुमरांव, राजपुर, बक्सर, दिनारा, रामगढ़ सभी विधानसभा में होगा तथा 5 मार्च को समापन होगा। उदघाटन आईटीआई मैदान में होगा। डस्ट्रिक्ट एथलीट एसोसिएशन के सुनिल कुमार सिंह ने बताया कि दौड़ के लिए पंजीकरण चल रहा है। अंडर 14 का ऐज कट ऑफ जनवरी 2010 रखा गया है। अंडर 19 का ऐज कट ऑफ जनवरी 2004 रखा गया है। अन्य खेलो में पंजीकरण को मूर्त रूप दे दिया गया है।

### शादी में आये मेहमानों की पिटाई, केस दर्ज

**डुमरांव।** नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के पुराना भोजपुर गांव में एक शादी समारोह में आये मेहमानों की कुछ लोगों द्वारा पिटाई किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। पिटाई से जख्मी मेहमानों का इलाज अस्पताल में कराया गया। इस मामले में पुराना भोजपुर के सुभाष चौधरी की पत्नी चिंता देवी ने गांव के ही छह लोगों के खिलाफ स्थानीय थाने में आवेदन देकर नामजद मामला दर्ज कराया है। पीड़िता ने आवेदन में बताया है कि मेरी बेटी की बारात आयी थी, जिसमें मेरे कई मेहमान शामिल हुए। घर आये मेहमानों के साथ गांव के ही कुछ लड़कों की कहासुनी हुई और उसके बाद लड़कों सहित अन्य लोग शादी के बाद बस से वापस लौट रहे मेहमानों को मध्य विद्यालय के समीप बस को रुकवाकर नीचे उतारा और उनपर जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें पवन कुमार, अर्जुन कुमार और मनु बिंद गंभीर रूप से जख्मी हो गये। जिनका इलाज अनुमंडल अस्पताल में कराया गया। जहां डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए बक्सर रेफर कर दिया। इस मामले में पुराना भोजपुर निवासी गुड्डू चौधरी, अंकित चौधरी, करन चौधरी, रवि, शंकर चौधरी और रामपुर नरही के रहने वाले अखिलेश चौधरी के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

### फुसनुमा घर में लगी आग, तीन बकरियां व 18 मुर्गियां समेत जले कई अन्य सामान

**सिमरी।** सिमरी थाना क्षेत्र के बड़कागांव नगपुरा गांव में बीती रात एक झोपड़ीनुमा घर में आग लग गई। आगलगी की इस घटना में तीन बकरियां, 18 मुर्गियां तथा झोपड़ी में रखे बिछावन, कपड़ा, अनाज समेत अन्य सामन जलकर राख हो गए। इस घटना में पीड़ित को एक लाख रूपए से अधिक का नुकसान हुआ है। आगलगी की यह घटना मुन्ना राम के घर में हुई है। बताया जाता है कि रविवार की रात मुन्ना के घर के सभी सदस्य सो रहे थे। मध्य रात्रि 12 बजे अचानक उसकी झोपड़ी धूं-धूं कर जलने लगी। इसका आभास होते ही परिवार के सदस्य घर से बाहर भाग अपनी जान बचाए। लेकिन वे अपने जानवरों को नहीं बचा सके।

## सेमरा गांव में जमीन विवाद में कई लोगों के सिर फटे



**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**

- सेमरा के अवध बिहारी सिंह का अपने पट्टीदारों से लंबे समय से चल रहा जमीन विवाद
- घायलों में से एक भोला सिंह को हमलावरों ने उठाकर कुएं में फेंक दिया था

ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के सेमरा गांव में जमीन विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। इस मामले में एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष के एक व्यक्ति की पिटाई कर उसे कुएं में फेंक दिया गया था। पीड़ित ने इस मामले में स्थानीय थाने में आरोपियों के खिलाफ लिखित शिकायत दी है और घर में घुस मारपीट करने, लूटपाट एवं 30 फीट गहरे कुएं में फेंक कर जान लेने की कोशिश करने का आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार सेमरा के अवध बिहारी सिंह का अपने पट्टीदारों से लंबे समय से जमीन विवाद चल रहा है। इसी विवाद को लेकर पट्टीदारों के द्वारा उनके तथा उनके पुत्र के साथ मारपीट की गई। मारपीट की इस घटना में अवध बिहारी सिंह के साथ ही उनके पुत्र भोला सिंह, शिवजी सिंह तथा अयोध्या सिंह घायल हो गए हैं। घायलों में से एक भोला सिंह को हमलावरों ने उठाकर कुएं में फेंक दिया था। बाद में ग्रामीणों की मदद से उन्हें बाहर निकाला गया। इस संबंध में अवध बिहारी सिंह की पत्नी के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। थानाध्यक्ष बैजनाथ चौधरी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि जमीन विवाद में मारपीट हुई है।

## चार सड़क दुर्घटनाओं में एक महिला की मौत, छह घायल

**केटी न्यूज/बक्सर**

सोमवार को अहले सुबह से दोपहर बाद तक जिले में हुई चार अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में जहां एक महिला की मौत हो गई। वहीं एक मासूम समेत कुल पांच लोग जख्मी हो गए। जानकारी के अनुसार बक्सर के बाइपास रोड में एक ई रिक्शा चालक की लापरवाही ने एक महिला की जान ले ली। जबकि उसकी बेटी तथा एक अन्य महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। दुर्घटना के बाद से चालक ई रिक्शा छोड़ फरार हो गया।

मृतका अमृता कुमारी (35 वर्ष) आरपीएफ हवलदार मनोज कुमार राय की पत्नी थी। जबकि उनकी पांच वर्षीय बेटी आरोही कुमारी के साथ ही आरपीएफ के ही दूसरे हवलदार ब्रजेश राय की पत्नी रेखा देवी जख्मी हो गईं। मनोज राय मूल रूप से आरा के रहने वाले हैं वे तथा ब्रजेश राय बक्सर पोस्ट पर ही कार्यरत हैं तथा दोनों का निजी आवास भी एक ही छत के नीचे है। जानकारी के अनुसार सोमवार को अमृता तथा रेखा बस स्टैंड के पास स्थित अपने किराए के मकान से किसी काम के सिलसिले में बाजार जाने के लिए निकली थी। उनके साथ पांच वर्षीय आरोही भी थी। वे दोनों एक ई रिक्शा पर बैठ ज्योति चौक की तरफ बढ़ी। थोड़ी दूर आगे जाने पर ई रिक्शा अनियंत्रित हो बड़ी नहर में पलट गया। अमृता को गंभीर चोटें आई थी। आनन-फानन में लोग उसे लेकर अस्पताल पहुंचे लेकिन यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस दुर्घटना में पांच वर्षीय आरोही के माथे से ममता मयी मां का सहारा उठ गया है। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की जानकारी मिलते ही टाउन थाने की पुलिस मामले की पड़ताल में जुट गई है।





- बक्सर के बाइपास रोड में एक ई रिक्शा चालक की लापरवाही से चली गई महिला की जान
- मृतका अमृता कुमारी आरपीएफ हवलदार मनोज कुमार राय की पत्नी थी

### नीलगाय को बचाने के प्रयास में कार पलटी

**दूसरी घटना** अहले सुबह कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र इलाके में एनएच 922 की है। यहां नीलगाय को बचाने के प्रयास में एक कार पलट गई। गनीमत था कि कार का एअर बैग खुल गया। जिससे चालक की जान बच गई। जानकारी के अनुसार कार चालक नालंदा का रहने वाला है तथा वह किसी बैंक में प्रबंधक है। बताया जाता है कि वह नालंदा से यूपी के अंबेडकरनगर जा रहा था। कृष्णाब्रह्मथानाध्यक्ष संतोष कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि उसे मामूली चोटें आई है। उसकी पहचान नहीं हो सकी है।

**तीसरी घटना** कोरानसराय थाना क्षेत्र के एनएच 120 पर सुघरडेरा गांव के पास की है। यहां दो बाइक की टक्कर में मैट्रिक परीक्षार्थी गोलू कुमार सिंह तथा बाइक चला रहा उसका बड़ा भाई अक्षय कुमार सिंह जख्मी हो गए। दोनों इटाढ़ी थाना क्षेत्र के हरपुर गांव निवासी मंगल कुमार सिंह के पुत्र है। गोलू अपने बड़े भाई के साथ बाइक पर बैठ मैट्रिक की परीक्षा देने डुमरांव आ रहा था। इस कारण उसकी परीक्षा भी छूट गई।

**चौथी घटना** भी कोरानसराय थाना क्षेत्र में ही एनएच 120 पर हुई है। तेज रफ्तार टेम्पों से अचानक गिर जाने से केसठ निवासी व मैट्रिक की परीक्षार्थी प्रियंका कुमारी गंभीर रूप से जख्मी हो गई। वह केसठ के लालबहादूर साह की पुत्री है। अनुमंडलीय अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

## पुलिस सप्ताह के पहले दिन अनुमंडल के सभी थानों की पुलिस ने निकाली बाइक रैली

# बाइक रैली से दिया पुलिस-पब्लिक फ्रेंडली का संदेश

**केटी न्यूज/डुमरांव**

पुलिस सप्ताह के पहले दिन अनुमंडल के सभी थानों की पुलिस द्वारा जन-जन सहयोग मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। यह रैली पुलिस पब्लिक फ्रैंडली को बढ़ावा देने के उदेश्य से निकाली गई थी। बता दें कि पुलिस सप्ताह 20 से 26 फरवरी तक आयोजित हो रहा है। पहले दिन पुलिस पब्लिक फ्रैंडली को बढ़ावा देने वाली बाइक रैली निकाली गई। इसके अलावे महिलाओं की सहायता के लिए थानों में महिला हेल्प डेस्क का उदघाटन भी किया गया है। ताकी थाना में अपनी फरियाद लेकर पहुंचने वाली महिलाओं को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।



मिली जानकारी के अनुसार डुमरांव थाना से निकली रैली का नेतृत्व थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने किया। जबकि कोरानसराय थानाध्यक्ष रंजीत कुमार, मुरार थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद, कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष संतोष कुमार, नया भोजपुर ओपी के सुबोध कुमार आदि के नेतृत्व में भी उनके थाना क्षेत्रों में बाइक रैली निकाल क्षेत्र भ्रमण किया गया। इस दौरान पब्लिक से पुलिस का सहयोग करने की अपील की गई। बता दें कि पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर ही जनजागरूकता मोटरसाइकिल रैली निकाली गई थी। जबकि पुलिस सप्ताह के अंतर्गत कई अन्य कार्यक्रम भी आने वाले दिनों में पुलिस द्वारा आयोजित किए जाएंगे।





### लोक शिकायत पहुंचा काजीपुर पंचायत में पीसीसी ढलाई में अनियमितता का मामला

**सिमरी।** काजीपुर पंचायत में वित्तीय वर्ष 19-20 में 14 वें वित्त से स्थानीय बाजार में करवाए गए बालू भराई, ईंट सोलिंग व पीसीसी ढलाई में अनियमितता का मामला अनुमंडल लोक शिकायत पहुंच गया है। स्थानीय गांव की महिला अशर्फी देवी ने इस मामले में अनुमंडल लोक शिकायत में परिवाद दायर कर आरोप लगया है हि मुखिया तथा सचिव द्वारा इस योजना के क्रियान्वयन में भारी पैमाने पर अनियमितता बरतते हुए सरकारी राशि का बंदरबांट किया गया है। अशर्फी ने बताया है कि चार इंच के बदले मात्र 2 इंच ही ढलाई किया गया है। हद तो यह है कि योजना की कुल राशि 4 लाख 82 हजार 408 रूपए की निकासी बिना मापी पुस्तिका पर अभियंता के हस्ताक्षर के ही कर ली गई है। जबकि संबंधित योजना से लागायत मास्टर रौल भी गायब है। जानकारों का कहना है कि लोक शिकायत में मामला दर्ज होने के बाद मुखिया व पंचायत सचिव की मुश्किलें बढ़नी तय है।



भागवत गीता

निर-अहंकार शाश्वत अवस्था को प्राप्त करने का मार्ग है।



## खबरें फटाफट

### फांसी लगाकर विवाहिता ने की खुदकुशी

**बलिया।** थाना क्षेत्र के दया छपरा गांव में रविवार की रात एक विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। घटना की सूचना पर विवाहिता के पिता ओम प्रकाश पांडेय निवासी लौरो रोनवार थाना कोपागंज मऊ ने बैरिया पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि मेरी पुत्री की शादी दया छपरा गांव निवासी संगम उर्फ माया शंकर पांडेय से 12 वर्ष पूर्व हुई थी। सुबह सूचना मिली की मेरी पुत्री ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। इस कारण सूचना दे रहा हूं। पोस्टमार्टम कराकर पिता ने उचित कार्रवाई की मांग की है। एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया है।

### पैतृक गांव पहुंचा एमबीबीएस छात्र का शव

**बलिया।** शिवरात्रि पर बदायूं में गंगा में डूबे 3 एमबीबीएस छात्रों के शव मिलने के बाद एक छात्र का शव उसके बलिया में पैतृक गांव पहुंचा। रात 3 बजे शव पहुंचते ही पूरे गांव में मादम छा गया। चारों तरफ सिर्फ चीख पुकार ही सुनाई पड़ रही थी। रात को ही छात्र का नम आंखों के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया। दरअसल, बदायूं के राजकीय मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस के 5 छात्र महाशिवरात्रि के दिन गंगा स्नान करने के लिए कछला घाट गए थे। उक्त 5 छात्रों में से एक बलिया जनपद के पकड़ी थाना क्षेत्र के डोगरा, रतसी गांव का निवासी पवन प्रकाश यादव पुत्र जयप्रकाश यादव भी शामिल था। पांचों गंगा स्नान करते वक्त एक-एक कर डूब गए। दो छात्रों को किनारे खड़े लोगों ने बचा लिया था लेकिन पवन प्रकाश यादव सहित तीन छात्र गंगा में डूब गए। रेस्क्यू टीम के अथक प्रयास के बाद घटना के दूसरे दिन दोपहर बाद पवन प्रकाश यादव सहित तीनों छात्रों का शव बरामद हुआ।

# बलिया जनपद में पांच मार्च तक चलेगा टीबी सक्रिय रोगी खोज अभियान

केटी न्यूज/बलिया

◆ शिक्षकों और विद्यार्थियों को दी गई क्षय रोग की विस्तृत जानकारी

जनपद में क्षय रागियों की खोज के लिए सोमवार से सक्रिय टीबी रोगी खोज अभियान शुरू हुआ। इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर के अंतर्गत सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर संजीव मिश्रा के नेतृत्व में मदरसा दारुल ओलूम सरकारे आसी में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को क्षय रोग के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके साथ ही तीन संभावित क्षय रोगियों का बलगम एकत्र किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सियर के सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर विनय यादव के नेतृत्व में दारू तालीम मे शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को क्षय रोग के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही छह संभावित क्षय रोगियों का बलगम एकत्र किया गया।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. आनंद कुमार ने बताया कि यह अभियान पांच मार्च तक चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत घर-घर जाकर संभावित क्षय रोगियों की स्क्रीनिंग करेंगी। एएनएम एवं आशा कार्यकर्ता मरीजों को खोजने का काम करेंगीं। उन्होंने बताया कि प्रधानमन्त्री ने वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त भारत का संकल्प को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कायर्क्रम के अंतर्गत सक्रिय क्षय रोगी खोज अभियान दो चरणों मे चलाया जायेगा। प्रथम चरण 20 फरवरी से शुरू हो चूका है जोकि 23 फरवरी तक चलाया जायेगा। प्रथम चरण में अनाथालय, वृद्धाश्रम, बाल संरक्षण गृह, नवोदय विद्यालय, जिला कारागार, मदरसों इत्यादि में टीबी के संदिग्ध मरीजों की स्क्रीनिगं एवं जांच की जायेगी। दूसरा चरण 24 फरवरी से 5 मार्च तक चलाया जायेगा। इस चरण मे जिले की 20 प्रतिशत आबादी जिनमे शहरी एवं ग्रामीण क्षेंत्रों की मलिन बस्तियों, घनी आबादी, एवं हाई रिस्क क्षेत्रों में टीबी के संभावित मरीजों की स्क्रीनिगं एवं जांच की जायेगी। जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि टीबी के नये मरीज मिलने पर उनका 24 घंटे में उपचार शुरू कर उन्हें डीबीटी के माध्यम से इलाज के दौरान 500 रुपए प्रतिमाह की पोषण युक्त भोजन में सहायता प्रदान करेगी । इस अभियान के अंतर्गत ह्रडोर टू डोरह्र जाकर लोगों के टीबी के लक्षणों जैसे दो सप्ताह या अधिक समय तक खांसी आना, खांसी के साथ बलगम आना, बलगम में कभी -कभी खून आना, सीने में दर्द होना, शाम को हल्का बुखार आना,वजन कम होना, और भूख न लगना ऐसे लोगों की बलगम की जांच करायी जायेगी।



### 3044 टीबी मरीजों का चल रहा इलाज

जिला कार्यक्रम समन्वयक आशीष सिंह ने बताया कि जिले में इस समय 3044 टीबी मरीजों का इलाज चल रहा है जिसमें से 98 एमडीआर टीबी के रोगी हैं। जनवरी 2022 से अब तक कुल 6228 टीबी रोगी नोटिफाई किये जा चुके हैं। वर्ष 2018 से अब तक निक्षय पोषण योजना में 13630 क्षय रोगियों को 3.54 लाख रुपए का भुगतान डीबीटी के जरिये किया जा चुका है।

## डीएम व एसपी ने जिला कारागार का किया स्थलीय निरीक्षण, दिए निर्देश

# जेल में मोबाइल न पहुंचे इसके लिए रोस्टर बना चलाएं जांच अभियान: जिलाधिकारी



कारागार का निरीक्षण करती डीएम व एसपी

केटी न्यूज/गाजीपुर

◆ अधिकारियों ने कारागार स्थित चिकित्सालय, महिला एवं पुरूष बैरक तथा रसोई घर का लिया जायजा

जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने सोमवार को पुलिस फोर्स के साथ जिला कारागार का स्थलीय निरीक्षण ` किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने कारागार में स्थित चिकित्सालय, महिला एवं पुरूष बैरक, रसोई घर का विधिवत निरीक्षण किया। जिलो कारागार में लगाए गए सीसीटीवी के संचालन व्यवस्था की जांच की। जिलाधिकारी ने कारागार चिकित्सालय में भर्ती कैदियों से बीमारियों के संबंध में पूछा तथा उनके खान-पान एवं साफ-सफाई की जानकारी ली। जिला कारागार के हवालात कार्यालय के स्टाक रजिस्टर की जांच की गई, इसके पश्चात बारी-बारी से सभी बैरकों का निरीक्षण किया गया। बैरकों में बंदियों के कार्ड पर अगली पेशी का दिन चेक किया गया। कारागार मे रसोई घर के निरीक्षण में प्रत्येक दिन बनने वाले भोजन के मीनू की जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक ने जेल अधीक्षक को निर्देश दिया कि जेल के अन्दर किसी भी दशा मे मोबाइल का प्रवेश न होने पाए इसके लिए रोस्टर बनाकर चेंकिग अभियान चलाकर चेक किया जाए। इसके अतिरिक्त महिला बन्दी गृह में दी जा रही सुविधाओं के बावत जानकारी ली। मौके पर एसपी सिटी गोपी नाथ सोनी, क्षेत्राधिकारी सदर गौरव कुमार एवं कई थानों के थानाध्यक्ष और अधिक संख्या में पुलिस बल उपस्थित रहे।

## संपूर्ण समाधान दिवस पर डीएम व एसपी ने सुनी फरियादियों की पीड़ा

गाजीपुर। जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए संपूर्ण समाधान दिवस तहसील सदर में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें 54 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए और मौके पर तीन का निस्तारण किया गया। जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए सातों तहसीलों में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 278 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए।

जिसमें मौके पर 18 शिकायत/प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। इसी क्रम में तहसील कासिमाबाद में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 24 शिकायत/प्रार्थना` प्राप्त हुए। जिसमें 02 का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील जमानियॉ में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 22 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए। जिसमें से तीन का मौके पर निस्तारण किया गया। सैदपुर तहसील में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 69 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें मौके 02 का निस्तारण किया गया। तहसील मुहमम्दाबाद में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 30 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए, जिसमें से दो का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील सेवराई में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 23 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए। जिसमें से मौके पर 02 का निस्तारण किया गया एवं तहसील जखनियां में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 की अध्यक्षता में 56 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त 04 का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायत/प्रार्थना पत्रों का सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अविलम्ब मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए निस्तारण कराई जाए। उन्होंने सार्वजनिक भूमि, तालाब, सरकारी भूमि, ग्राम समाज के भूमि पर अवैध अतिक्रमण करने वालों को कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को शत-प्रतिशत निस्तारण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा इसकी समीक्षा सीधे शासन स्तर से होती रहती है। इसमें लापरवाही पर संबन्धित अधिकारी स्वयं जिम्मेदार होंगे।



## एक नजर

### नियमित योगाभ्यास से शरीर बलवान, मस्तिष्क प्रज्ञावान बनता है: दिनेश सिंह



**गाजीपुर।** पीजी कालेज के बीएड के प्रथम सेमेस्टर के छात्रों का पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण का समापन किया गया। इसके मुख्य अतिथि उप प्राचार्य दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि योगाभ्यास से छात्र छात्राएं अपने पर अनुशासन करने की कला को दक्ष कर सकते हैं। योगाभ्यास से हमारा शरीर बलवान, मस्तिष्क प्रज्ञावान बनता है। इस तरह हम संस्कारवान एवं चरित्रवान बनते हैं। आज के विद्यार्थी सौभाग्यशाली हैं क्योंकि उन्हें योग का प्रशिक्षण प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि यदि उन लोगों को भी विद्यार्थी जीवन में योग का प्रशिक्षण मिलता है। तो वह लोग भी जीवन में और अधिक सफल रहेगें। विशिष्ट अतिथि डा अनुराग सिंह ने योगाभ्यास कताओं को अलग-अलग प्रकार एवं योग अभ्यास की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए योगाभ्यास से जुड़े टिप्स दिए। डॉ. सिंह के अनुसार योगाभ्यास के लिए सूर्योदय से पहले एवं सूर्यास्त के पश्चात के समय का उत्तम बताया गया। बीएड के विभागाध्यक्ष डॉ. एचडी सिंह परिहार ने कहा कि योग ही एकमात्र स्वस्थ जीवन को अर्जित करने का समाधान है। योग से पवित्रता एवं कुशलता के साथ ही जीवन व्यतीत करने की कला हासिल होती है।योग दुर्भावना, दुष्कर्म आदि और नकारात्मक शक्तियों से मुक्ति दिलाने का माध्यम है। योग शिविर 14 फरवरी को महाविद्यालय परिसर में भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में योग प्रशिक्षक राधेश्याम ओझा की ओर से बीएड के छात्रों को प्रशिक्षित देने के साथ शुरू हुआ। इस मौके पर कृषि संकाय के डॉ. एसएन सिंह एवं डॉ.अरुण यादव आदि मौजूद रहे।

### कटहर नाला के कायाकल्प को शासन ने लगाई मुहर



**बलिया।** विधानसभा चुनाव के दौरान कटहर नाले के कायाकल्प को लेकर परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह के द्वारा किए गए घोषणा पर शासन ने अपनी मुहर लगा दी है। कटहर नाला के सुंदरीकरण व साफ-सफाई के लिए मुख्यमंत्री ने पत्र जारी कर इस पर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसे लेकर विभागीय अमला पूरी तरह से इसकी तैयारी में लग गया है। सब कुछ ठीक रहा तो बरसात से पहले कटहर नाला में बहुत हद तक काम दिखने भी लगेगा। बताना लाजमी है कि परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने विधानसभा चुनाव के दौरान कटहर नाला के सुंदरीकरण व इसके किनारे पर पाथ-वे आदि बनवाने का वादा किया था। चुनाव के बाद मंत्री बनने पर अपने वादे को अमल में लाने के लिए मंत्री दयाशंकर सिंह पूरे प्रयास के साथ लग गए। इस मामले को वह सीधे मुख्यमंत्री के समक्ष रखे जिसका उन्होंने गंभीरता से संज्ञान लिया। मंत्री ने बलिया जनपद को गंगा समग्र योजना में शामिल करते हुए कटहर नाला के कायाकल्प व 1940 के बने रेगुलेटर की क्षमता बढ़ाने की मांग की थी। इसमें मंत्री ने कटहर नाले की साफ-सफाई के साथ ही गंगा नदी में गिर रही गंदगी को रोकने व वरुणा ड्रेनेज के बंद होने व इस पर अतिक्रमण से प्रभावित 84 गांवों के किसानों को राहत दिलाने की मांग की थी। इस पर मुख्यमंत्री ने तत्काल पत्र जारी कर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### विद्युत विभाग ने शिविर लगा की वसूली



**मऊ।** विद्युत उपकेंद्र हांलीमाबाद अंतर्गत विद्युत विभाग द्वारा सोमवार को खुरहट बाजार में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का नेतृत्व कर रहे एसडीओ विद्युत नीरज कुमार ने क्षेत्र के विभिन्न गांव से आए 113 उपभोक्ताओं का विद्युत बिलों को जमा करा कर यह निर्देश दिया कि आप लोग समय के बिलों का भुगतान करें तथा कनेक्शन लेकर ही विद्युत का उपयोग करें। इस दौरान राजस्व के रूप में 152000 रुपए की प्राप्ति हुई। इसी क्रम में एसडीओ विद्युत नीरज कुमार के नेतृत्व में मोहम्मदाबाद गोहना करहा एवं कस्बा में अवर अभियंता लालजी यादव, विवेक खरवार, राजेंद्र यादव, अरविंद कुमार कुशवाहा, राजेश सोनकर, चंद्र भूषण यादव, अरविंद कुमार आदि विद्युत विभाग के कर्मियों ने कुल 30 बड़े बकायेदारों के विद्युत कनेक्शन काटते हुए से 7 उपभोक्ता के लोड बढ़ाए गए 6 उपभोक्ता नए मीटर लगाते हुए 8 विद्युत विभाग से संबंधित लोगों की समस्या सुनी गई। इस दौरान एसडीओ विद्युत नीरज कुमार ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि आप अपनी समस्या मोबाइल के माध्यम से एसएमएस अथवा व्हाट्सएप के तहत कर सकते हैं। जिसकी तत्काल सुनवाई करते हुए मामलों का निस्तारण भी किया जाएगा।

## पूर्व प्रधान हत्याकांड का एक आरोपी गिरफ्तार अवैध तमंचा, जिंदा कारतूस व बाइक बरामद

केटी न्यूज/बलिया

जिले के रसड़ा कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सफलता प्राप्त करते हुए पूर्व प्रधान के हत्याकांड के एक आरोपी को अवैध तमंचा एवं कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने सुसंगत धाराओं के तहत चालान न्यायालय कर दिया। इसके साथ ही पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बाइक को भी बरामद कर लिया।

बीते 16 फरवरी को बलिया जिले के गड़वार थाना क्षेत्र अंतर्गत असनवार गांव के निवासी भाजपा नेता तथा पूर्व प्रधान सुरेश वर्मा की बाइक सवार बाद मानों ने गोली मारकर उस समय हत्या कर दिया था। जब पूर्व प्रधान दो लोगों के साथ रसड़ा से जमानत कराकर बाइक से अपने घर वापस आ रहे थे। पुलिस ने विवेचना के क्रम में प्रकाश में आये आलोक सिंह पुत्र शिवनाथ सिंह निवासी अहमर पट्टी थाना रसड़ा को वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में बताया गया कि मेरे यहां काम करने वाला मेरा दोस्त सौरभ उपाध्याय, जिसका अपने ही गांव के पूर्व प्रधान सुरेश वर्मा से जमीनी विवाद था। जिससे वह बहुत परेशान रहता था। जिस कारण से मैं और मेरा दोस्त सौरभ उपाध्याय ने मिलकर दिनांक 16 फरवरी को ग्रामसभा नत्थोपुर संवरा-लोहटा मार्ग पर सुरेश वर्मा की गोली मार कर हत्या कर दी थी।



बरामद सामान के साथ गिरफ्तार आरोपी

## गन व्यापारी हत्याकांड मामले में नौ आरोपियों के 12 शस्त्र लाइसेंस निरस्त

केटी न्यूज/बलिया

◆ डीएम ने संस्तुति के बाद जारी किया निर्देश

गन व्यापारी नंदलाल गुप्ता की आत्महत्या के मामले में पहली बार जिला प्रशासन की ठोस कार्रवाई देखने को मिल रही है। हालांकि कार्रवाई में विलंब होने पर लोग तरह-तरह के सवाल भी उठा रहे हैं। सोमवार को जिलाधिकारी की संस्तुति के बाद पुलिस ने नौ आरोपियों के 12 शस्त्रों का लाइसेंस भले ही निरस्त कर दिया। लेकिन प्रशासन की लेटलतीफी कार्रवाई से लोग तरह-तरह के सवाल खड़ा कर रहे हैं।

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि बीते एक फरवरी को शहर के मालगोदाम रोड के पास गन व्यापारी नंदलाल गुप्ता की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने कुल 13 लोगों को आरोपी बनाया था। जिसमें आठ आरोपियों की गिरफ्तारी अब तक हो चुकी है। जबकि शेष आरोपी अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर है। इसबीच जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नौ आरोपियों के 12 शस्त्र लाइसेंस रद्द कर दिया है। आरोपियों का नाम अखिलेश प्रताप सिंह पुत्र रामजी सिंह निवासी दुबहड़ बलिया, सहजानंद सिंह पुत्र शम्भूनाथ सिंह निवासी जापलिनगंज, अनिल कुमार चौबे पुत्र भरत चौबे निवासी सुरेमनपुर बलिया, आलोक कुमार सिंह पुत्र योगन्द्र प्रताप सिंह निवासी मिड्ढी थाना कोतवाली बलिया, राहुल चौबे पुत्र उदय नारायण चौबे निवासी पिपरपाती थाना बांसडीह रोड बलिया, सुनील कुमार मिश्र पुत्र पारसनाथ मिश्र निवासी परिखरा थाना बांसडीह रोड बलिया, राकेश सिंह पुत्र स्व रघुनाथ सिंह निवासी परिखरा थाना बांसडीह रोड बलिया, अजय सिंह पुत्र स्व. नेपाल सिंह निवासी भृगु आश्रम थाना कोतवाली बलिया, रणजीत कुमार सिंह उर्फ हनुमान सिंह पुत्र स्व. नारायण सिंह निवासी रामपुर महावल थाना कोतवाली बलिया शामिल है। जिनका लाइसेंस निरसत किया गया।

## महिला जिला अस्पताल में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन

# बेटियों को कभी भी बेटों से कम नहीं समझना चाहिए: डीएम

केटी न्यूज/बलिया

● जिलाधिकारी ने केक काटकर नवजात बेटियों का मनाया जन्मदिन

महिला कल्याण विभाग, बलिया द्वारा सोमवार को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में महिला जिला अस्पताल में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के मन में इस बात की भावना जगाना था कि बेटियां बेटों के बराबर है उनकी परवरिश भी बेटों की तरह ही करनी चाहिए।

जिलाधिकारी ने केक काट कर नवजात बालिकाओं का जन्म दिन मनाया गया एवं 35 नवजात बेटियों और उनकी माताओ को बेबी कीट, बेबी कपड़े, बेबी कंबल एवं फल से भरी टोकरी एवं सम्मान गौरव पत्र से सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित माताओं से कहा कि आज के समय में बेटियां हर क्षेत्र में पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। उन्हें कभी भी बेटों से कम नहीं समझना चाहिए और उनका पालन पोषण भी बेटों की तरह ही करना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि आज जनपद में ही हर क्षेत्र में बेटियां बढ़-चढ़कर कार्य कर रही हैं साथ ही शासन-प्रशासन, मेडिकल, शिक्षा एवं विज्ञान के क्षेत्र में अपना नाम रोशन कर रही हैं।

जिला भाजपा अध्यक्ष जयप्रकाश साहू ने भी उपस्थित माताओं से कहा कि बेटियों को कभी भी कम कर कर नहीं आंकना चाहिए उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि आपकी जिलाधिकारी भी एक बेटी हैं। यह हमारे लिए गौरव की बात है कि बलिया जनपद को अब तक दो महिला जिलाधिकारी मिल चुकी हैं। साथ ही जिला महिला अस्पताल की सीएमएस सुमिता सिन्हा भी एक महिला हैं एवम महिला अस्पताल की सभी कर्मचारी भी महिलाएं ही हैं। माताओं को बेटियों की परवरिश बेटों से बढ़-चढ़कर करनी चाहिए क्योंकि बेटियां दो परिवारों को बनाती हैं। भाजपा अध्यक्ष ने कहा की बेटियों के लिए सरकार ने बहुत सी योजनाएं चला रखी हैं जो उनके जन्म से लेकर उनके शादी तक की सुविधा उपलब्ध कराती हैं। मौके पर जिला प्रोबेशन अधिकारी मोहम्मद मुमताज, मुख्य चिकित्सा अधिकारी जयंत कुमार के अलावा सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

